बिहार सरकार,
बिहार कौशल विकास मिशन,
श्रम संसाधन विभाग

आदेश

राज्य सरकार के 7 निश्चयों में से एक "आर्थिक हल, युवाओं को बल" के अधीन कुशल युवा कार्यक्रम के संचालन हेतु कौशल प्रशिक्षण केन्द्रों की पंजीकरण की प्रक्रिया प्रारम्भ की गयी थी । उक्त के आलोक में पूर्वी चम्पारण जिले के त्रिकौलिया प्रखण्ड में अग्रदूत कम्प्यूटर इंस्टीच्यूट को KYP code 09030087, पूर्वी चम्पारण जिले के घोड़ासहन प्रखण्ड में Safe Express Pvt.Ltd. को KYP code 09030036, पूर्वी चम्पारण जिले के चिरैया प्रखण्ड में Pentware Computer को KYP code 09030085, औरंगाबाद जिले के औरंगाबाद सदर प्रखण्ड में NAJTECH Computer Education Center को KYP code 04010007 एवं औरंगाबाद जिले के औरंगाबाद सदर प्रखण्ड में Comptech Training & Technologies Pvt.Ltd. को KYP code 04010012 संचालित करने की अनुमति प्रदान की गयी थी।

जिला कौशल प्रबंधक से प्राप्त प्रतिवेदन जिसमें केन्द्रों के संचालन में अनियमितता यथा Finger print, Impersonation का उल्लेख किया गया है । उक्त के आलोक में अग्रदूत कम्प्यूटर इंस्टीच्यूट को बिहार कौशल विकास मिशन के पत्र संख्या–860 दिनांक–24.07..2019, Safe Express Pvt.Ltd को पत्र संख्या–861 दिनांक–24.07.2019, Pentware Computer को पत्र संख्या–1033 दिनांक–25.09..2019, NAJTECH Computer Education Center को पत्र संख्या–1032 दिनांक–25.09..2019, Comptech Training & Technologies Pvt.Ltd. को पत्र संख्या–1031 दिनांक–25.09..2019 के द्वारा स्पष्टीकरण पूछा गया था ।

पूछे गये स्पष्टीकरण के आलोक में संबंधित के द्वारा अपना जवाब बिहार कौशल विकास मिशन को समर्पित किया गया। जिसमें उन्होंने स्पष्टीकरण में वर्णित तथ्यों को स्वीकार किया गया है।

अतः समीक्षो उपरान्त KYP code 09030087 के जून, 2019 बैच, KYP code 09030036 के जुलाई, 2019 बैच, KYP code 09030085 के अगस्त, 2019 बैच, KYP code 04010007 के अगस्त, 2019 बैच, KYP code 04010012 के अगस्त, 2019 बैच के Final Invoice से 40% के राशि की कटौती करने का आदेश दिया जाता है । साथ हीं KYP code 09030087, KYP code 09030036 , KYP code 04010007, KYP code 04010012 के अवरूद्ध नामांकन को पुनः प्रारम्भ किया जाता है ।

प्रस्ताव में सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है ।

ह0/–
(रंजिता,भा0प्र0से0)
अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
बिहार कौशल विकास मिशन ।

ज्ञापांक–BSDM/SDM–18/2017(खण्ड–1). 271 पटना,दिनांक– 13/03/20

प्रतिलिपि–
(1) अग्रदूत कम्प्यूटर इंस्टीच्यूट / Safe Express Pvt.Ltd / Pentware Computer / NAJTECH Computer Education Center / Comptech Training & Technologies Pvt.Ltd.को सूचनार्थ एवं आवश्यक कारवाई हेतु प्रेषित।
(2) जिला नियोजन पदाधिकारी, पूर्वी चम्पारण/औरंगाबाद को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।
(3) मिशन निदेशक, बिहार कौशल विकास मिशन को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।
(4) Project Director, MKCL/Project Director,E&Y को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।
(5) प्रशासी पदाधिकारी/मिशन प्रबंधक (वित्त एवं लेखा)/मिशन प्रबंधक,(समन्वय) SPMU Incharge पूर्वी चम्पारण/औरंगाबाद को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।
(6) जिला कौशल प्रबंधक, पूर्वी चम्पारण/औरंगाबाद को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

13.03.2020

अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
बिहार कौशल विकास मिशन ।

Scanned with CamScanner